प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 29.04.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नयी दिल्ली में युग्म कन्क्लेव को किया संबोधित, कहा– नयी शिक्षा नीति से देश में आ रहा है साकारात्मक बदलाव।
- कांग्रेस की संविधान बचाओ रैली रांची में अब तीन की जगह छह मई को होगी, पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे समेत कई राष्ट्रीय नेता होंगे शामिल।
- साहिबगंज जिले के 13 मजदूरों को बांग्लादेशी होने के संदेह पर महाराष्ट्र में लिया गया हिरासत में, भाजपा ने कहा– राज्य में बांग्लादेशी घुसपैठ की हुई पुष्टि।
- मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के विदेश दौरे पर भाजपा ने कसा तंज, कांग्रेस ने किया पलटवार, कहा– राज्य में बनेगा औद्योगिक विकास का माहौल।
- खूंटी में एक ट्रक ने स्कूल बस को मारी जोरदार टक्कर, एक दर्जन से ज्यादा बच्चे घायल।

********************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि सरकार 21वीं सदी की जरूरतों को पूरा करने के लिए देश की शिक्षा प्रणाली का आधुनिकीकरण कर रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार देश के हर छात्र की पहुंच में विश्व स्तरीय ज्ञान ला रही है। श्री मोदी ने आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में सरकार, शिक्षा जगत, उद्योग और नवोन्मेषकों के नेताओं को एक साथ लाने वाले अपनी तरह के पहले रणनीतिक सम्मेलन युग्म कॉन्क्लेव को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति देश में बदलाव ला रही है।

********************

प्रदेश कांग्रेस की ओर से रांची में तीन मई को आयोजित होने वाली संविधान बचाओ रैली की तिथि बढ़ाकर छह मई कर दी गयी है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने आज रांची में संवाददाता सम्मेलन आयोजित कर यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस रैली में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे समेत कई राष्ट्रीय नेता शामिल होंगे।

********************

पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद केन्द्र सरकार पाकिस्तानी और बांग्लादेशी नागरिकों की खोज कर रही है। इस दौरान साहिबगंज के राधानगर थाना क्षेत्र के अलग–अलग इलाकों से मजदूरी करने गये 13 लोगों को महाराष्ट्र से बांग्लादेशी होने के संदेह पर हिरासत में लिया गया है।

********************

इस बीच भाजपा ने राज्य की हेमंत सोरेन सरकार पर बांग्लादेशी घुसपैठियों को संरक्षण देने का आरोप लगाया है। पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा है कि मुंबई में हिरासत में लिये गये 13 संदिग्ध बंग्लादेशियों के आधार कार्ड साहिबगंज जिले से निर्गत हुए हैं। इससे स्पष्ट है कि राज्य में बांग्लादेशी घुसपैठ होने की पुष्टि होती है।

********************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन विदेश दौरे के बाद आज रांची लौट रहे हैं। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में 19 अप्रैल को राज्य से 11 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल यूरोप के दौरे पर गया था। विदेश दौरे के क्रम में स्पेन और स्वीडन की कई कंपनियों ने झारखंड में निवेश का प्रस्ताव दिया है।

********************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।
ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज
All India Radio news पर भी उपलब्ध है।
आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल
@AIR news अंडर स्कोर_ranchi
और
फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,
इंस्टाग्राम पेज तथा
YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi
पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते हैं।

********************

मुख्यमंत्री के विदेश दौरे पर भाजपा ने तंज कसा है। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने इस दौरे को सैर–सपाटे और कैमरा एक्सपोजर का प्रयास बताया है।

********************

कांग्रेस के प्रदेश मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने भाजपा पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के विदेश दौरे से राज्य में औद्योगिक विकास का माहौल तैयार हो रहा है।

********************

खूंटी जिले के अड़की थाना क्षेत्र के तमाड़– खूंटी रोड पर खेसारी बेड़ा के पास आज एक ट्रक ने स्कूल बस को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के कारण लगभग एक दर्जन बच्चे घायल हो गये। घायलों का इलाज खूंटी के अड़की अस्पताल में चल रहा है। उधर, गढ़वा जिले के रमकंडा प्रखंड में सड़क हादसे में एक बाइक चालक की मौत हो गई, जबकि बाइक पर सवार दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

********************

सिमडेगा जिले में ग्रामीण महिलाएं सखी मंडलों से जुड़कर आर्थिक रुप से सशक्त हो रही हैं।

********************

वैश्विक संकेतों के बीच आज सुबह के कारोबार में सेंसेक्स और निफ्टी मामूली बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। समाचार मिलने तक सेंसेक्स 111 अंक बढ़कर 80 हजार 329 पर था जबकि निफ्टी 19 अंक बढ़कर 24 हजार 348 पर पहुंच गया।

********************

सर्राफा बाजार में आज रांची में 22 कैरेट सोने का भाव 89 हजार 600 रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत एक लाख चार हजार रुपये प्रति किलो है।

********************

मौसम विभाग ने राज्य में दो मई तक मौसम में उतार–चढ़ाव जारी रहने की संभावना व्यक्त की है। विभाग ने आज भी रांची, रामगढ़, खूंटी समेत 15 जिलों में बारिश और ओलावृष्टि के साथ ही वज्रपात होने का पूर्वानुमान व्यक्त किया है। इसे लेकर औरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

********************

दिल्ली के इंडोर स्टेडियम में आयोजित 68वें नेशनल स्कूल गेम्स की गतका प्रतियोगिता में पलामू के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। 17 वर्ष आयु वर्ग की बालिकाओं में काजल कुमारी ने कांस्य पदक हासिल किया जबकि बालकों में जीत तिवारी ने भी कांस्य पदक जीत कर राज्य का नाम रौशन किया।

********************

सिकोकई कराटे इंटरनेशनल झारखंड की ओर से दूसरी सिकोकई ऑल इंडिया ओपन कराटे चैंपियनशिप का आयोजन रांची के खेलगांव में 3 मई को किया जायेगा। इस चैंपियनशिप के उदघाटन समारोह में साउथ एशियन कराटे फेडरेशन के अध्यक्ष सह कराटे इंडिया ऑर्गेनाइजेशन के अध्यक्ष हांशी भरत शर्मा शामिल होंगे।

****************